अवतार सिंह के पारिवारिक सदस्यों को पैंशन का भुगतान करते हुए प्रबंधक तिलक राज।

कोरोना से मारे गए लोगों को ई.एस.आई. द्वारा बीमा पैंशन भुगतान शुरू

बटाला, 27 जुलाई (बुट्टर): कर्मचारी राज्य बीमा निगम बटाला द्वारा कोरोना महामारी से मारे गए बीमा वर्करों के परिवारों को आश्रित हित लाभ का भुगतान शुरू कर दिया गया है। इस संबंधी जानकारी देते शाखा प्रभारी तिलक राज ने बताया कि न्यू पंजाब मकैनिकल इंजीनियरिंग बटाला के कर्मचारी अवतार सिंह पुत्र वरियाम सिंह की कोरोना से मार्च 2021 में मौत हो गई थी, उनकी पत्नी दलजीत कौर को बीमा पैंशन भुगतांन का चैक दिया गया। शाखा प्रबंधक तिलक राज ने बातया कि कोई भी फैक्टरियों में काम करने वाले बीमा धारक की कोरोना से मौत हुई है, उसके पारिवारिक सदस्य ई.एस.आई. के कार्यालय से सम्पर्क करें।